## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 31.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत–उज्बेकिस्तान संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने पर सहमति, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव से की वार्ता।

2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा– झारखंड के 6,722 मतदान केंद्रों पर नहीं मिला एक भी फॉर्म–6, नए वोटरों के पंजीकरण में तेजी का दिया निर्देश।

3. जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में बड़ा खुलासा, यूपी की तर्ज पर तैयार हुआ था विशेष सॉफ्टवेयर, गिरिडीह का युवक गिरफ्तार।

4. झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया नौ जिलों में जलभराव का अलर्ट।
5. झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप में रांची ओवरऑल चैंपियन, रामगढ़ दूसरे और लोहरदगा तीसरे स्थान पर रहा।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल उज्बेकिस्तान के ताशकंद में राष्ट्रपति शावकत मिर्ज़ियोयेव के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और उज्बेकिस्तान के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने पर सहमति व्यक्त की।

*********************

झारखंड के 6 हजार 722 मतदान केंद्रों पर नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए अब तक एक भी फॉर्म–6 प्राप्त नहीं हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को पात्र युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने और ऐसे मतदान केंद्रों की विशेष समीक्षा करने का निर्देश दिया है। फार्म–6 के आवेदन 15 सितंबर तक लिए जाएंगे।

*********************

खूंटी जिले के सिल्दा गांव में एसआईआर को लेकर जागरूकता और सुधार कार्य तेज कर दिया गया है। मिसमैच नामों और अन्य त्रुटियों के समाधान के लिए दो सितंबर को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिल्दा के बूथ नंबर 88 पर विशेष शिविर लगाया जाएगा। बीएलओ रुक्मणि देवी ग्रामीणों को नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज और जानकारी जुटा रही हैं।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने जेपीएससी गड़बड़ी मामले में आरोप लगाते हुए कहा है कि यह एक हजार करोड़ रूपये का घोटाला है–––

*********************

राज्य में में जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले की जांच कर रही सीआईडी ने कई अहम खुलासे किए हैं। पूछताछ में पिकर टेक्नोलॉजी के निदेशक हेमंत वर्मा ने बताया कि यूपी विधान परिषद आरओ–एआरओ परीक्षा की तर्ज पर जेपीएससी के लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया था। जांच के अनुसार, सॉफ्टवेयर और बैकएंड के जरिए ओएमआर शीट की स्कैनिंग के दौरान बारकोड और अंकों में हेरफेर की योजना थी। वहीं सीआईडी ने कार्रवाई करते हुए गिरिडीह के एक युवक को गिरफ्तार किया है।

*********************

पलामू में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो और रील्स पोस्ट कर दबदबा दिखाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मार्च 2026 के बाद ऐसे मामलों में छह से अधिक युवकों को गिरफ्तार किया गया है। अगस्त में शुरू ऑपरेशन सफाया के तहत पुलिस ने 851 संदिग्धों की सूची तैयार की और अब तक 29

से अधिक अवैध हथियार बरामद किए हैं। एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया का गलत उपयोग करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

*********************

झारखंड में अच्छे आचरण वाले बंदियों के पुनर्वास के लिए ओपन और सेमी–ओपन जेल व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा। पात्र बंदियों को परिवार के साथ रहने के साथ सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जेल से बाहर जाकर नौकरी करने और आजीविका कमाने का अवसर मिल सकता है। जेल आईजी सुदर्शन मंडल के अनुसार, इसका उद्देश्य बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

*********************

हजारीबाग संघ कार्यालय में राष्ट्रीय सेविका समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें नगर क्षेत्र की करीब 40 महिलाओं ने भाग लिया। टंडवा की बबीता और चतरा की वर्षा रानी ने समिति की कार्यपद्धति, उद्देश्य और समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ध्वज स्थापित कर समिति की प्रार्थना भी की गई।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त मनीष कुमार ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थी विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रवृत्ति का सदुपयोग करते हुए शिक्षा और भविष्य निर्माण पर ध्यान देने की अपील की। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने और अनुशासन के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

*********************

बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव अब अच्छी तरह चिह्नित निम्न दबाव में बदल गया है, जिसके असर से अगले 24 घंटे में झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा में जलभराव का अलर्ट जारी किया है, जबकि आज से 2 सितंबर तक रांची में बादल छाए रहने के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर प्रखंड में कल शाम वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोकचो फुटबॉल मैदान में मैच के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वीर सिंह कालुंडिया गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

*********************

रांची जिला की टीम ने झारखंड स्टेट फेंसिंग चौंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। रांची में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्यभर के खिलाड़ियों ने फॉइल, ईपी और साबर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। रामगढ़ की टीम दूसरे और लोहरदगा की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने रांची में कांग्रेस की ओर से आयोजित आदिवासी महाजुटान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– आदिवासी महाजुटान में उमड़ी हजारों की भीड़, कहा– सीटें घटाई तो बर्दाष्त नहीं करेंगे।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– यूपी की तर्ज पर जेपीएससी में भी सेटिंग, गड़बड़ी के लिए बनाया सॉफ्टवेयर–पोर्टल।

हिन्दुस्तान की लीड है– नेपाल में बाड़ की नई चेतावनी जारी।

दैनिक जागरण की लीड है–– आपदा में भारत बना नेपाल का सबसे भरोसेमंद मददगार।